प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए प्रदेश में प्रचार तेज : प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज मिर्जापुर, मऊ और बांसगांव में जनसभा कर प्रत्याशियों के लिये मांगे वोट।
2. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज वाराणसी में शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम को किया सम्बोधित : कहा– देश आज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है आगे।
3. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टील पर उद्यान विभाग लगायगा रामायण कालीन पौधे : राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान ने किया शोध।

और

4. शाहजहांपुर में पूर्णागिरी जा रही बस पर पलटा डम्पर : हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत, 10 यात्री गंभीर रूप से घायल।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए उत्तर प्रदेश में प्रचार चरम पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज मिर्ज़ापुर, मऊ और बांसगांव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि देश समझ गया है कि इंडी गठबंधन सांप्रदायिक और जातिवादी है। इंडी गठबंधन पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन ने कश्मीर में धारा 370 को वापस लाने के इरादे की घोषणा की है, जो एक ऐसा कदम है, जिससे आतंकवाद को फिर से बढ़ावा मिल सकता है और पाकिस्तान का मनोबल बढ़ सकता है। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग वोट बैंक के लिए समर्पित हैं, जबकि भाजपा सरकार देश के गरीबों, दलितों और पिछड़ां के लिए समर्पित है। उन्होंने वादा किया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अन्य वंचित समूहों के लिए आरक्षण धर्म के आधार पर मुसलमानों को नहीं दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए श्री मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को कानून व्यवस्था में विश्वास नहीं है।

सपा सरकार माफियाओं को वोट बैंक के तौर पर देखती थी लेकिन योगी सरकार में माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई हो रहो है। श्री मोदी ने कहा कि देश ने तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है।

बाइट...

*भारत ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन क्यों बनाया, इसका सीधा–सीधा कारण है– नेक नियत, नेक नीतियां और नेशन फर्स्ट। मेरा देश सबसे ऊपर राष्ट्र निष्ठा इसलिये देश ने तय किया कि मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए, तभी एनडीए को इतना भारी जनादेश मिल रहा है।*

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्ज़ापुर, चंदौली, ग़ाज़ीपुर और गोरखपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत देख रहे हैं। जो वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। बीते 10 वर्षों में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।

उधर, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आज सलेमपुर और बलिया में राजनीतिक सभाओं को संबोधित किया। सपा प्रमुख ने कहा कि आज लोग बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं।

भाजपा का किसानों की आय दोगुनी करने का वादा झूठा साबित हुआ है। उन्होंने वादा किया कि इंडिया

गठबंधन सत्ता में आने के बाद सभी किसानों का कज माफ करेगा।

बाइट....

*इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी ने तय किया है कि जिस तरीके से बीजेपी ने बड़े–बड़े उद्योगपति बड़े–बड़े कारोबारियों को जो कर्ज माफ किया है, अभी तक 25 लाख करोड़ से ज्यादा कर्ज माफ कर चुके हैं, हम अपने किसान भाइयों को गरीब भाइयों को भरोसा दिलाकर जा रहे हैं इंडिया गठबंधन की चार जून के बाद सरकार बनेगी, हमारे किसानों को कर्ज माफ होगा, न केवल कर्ज माफ होगा उसके साथ–साथ हमारे किसानों की फसल और पैदावार के लिए भी कानूनी अधिकार एमएसपी का खरीदने का बनाने का काम करेंगे।*

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने आज वाराणसी में प्रेसवार्ता में कहा कि देश में बदलाव की एक हवा चल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।

———————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें पूर्वांचल की अहम सीटों में शामिल घोसी लोकसभा सीट भी शामिल है। इस सीट पर एनडीए गठबंधन ने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पुत्र अरविंद राजभर को प्रत्याशी बनाया है। उनके अलावा इस सीट पर 28 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट..

*पूर्वांचल की घोसी लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां 20 लाख 66 हजार 457 मतदाता एक जून को 28 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। कभी कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी का गढ़ रही इस संसदीय सीट पर 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी हरिनारायण राजभर ने पार्टी को पहली जीत दिलाई थी लेकिन 2019 के चुनाव में बसपा के अतुल राय यहां जीतने में कामयाब हुए थे। इस बार एनडीए गठबंधन ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पुत्र अरविंद राजभर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता राजीव राय चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा बहुजन समाज पार्टी ने बसपा के पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार तेज कर दिया है। आजाद नोमानी आकाशवाणी समाचार मऊ।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

——————————

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ हम समूचे विश्व का कल्याण कर सकते हैं। विदेश मंत्री आज वाराणसी में पूर्वांचल स्कूल्स वेलफेयर एसोशिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सम्मेलन में ''शिक्षा के साथ सशक्तीकरण : बेहतर कल के लिए शिक्षण'' विषय पर बोलते हुये विदेश मंत्री ने कहा कि जब हम देश में शिक्षा पर बात करते है तो मुख्य केन्द्र टेक्नालॉजी होता है। उन्होंने कहा कि आज देश इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

———————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीले पर उद्यान विभाग द्वारा रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह जानकारी देते हुये बताया कि रामायण में जिन पौधों का उल्लेख है, उस पर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ शोध कर चुका है। रामायण में उल्लेख किये गये 150 पौधों में कुछ का चयन करके उन्हें रोपित किया जायेगा। राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने आगे कहा कि ट्रस्ट का प्रयास है कि राम मंदिर के साथ–साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों का काम जल्द पूरा हो जाए। उसके बाद श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकेंगे।

उम्मीद है कि सितंबर महीने तक सात मंदिरों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शेषावतार मंदिर भी जल्द बनकर पूरा हो जाएगा। कुबेर टीले का कार्य लगभग पूरा हो गया है।

———————

शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र में खुटार–गोला रोड पर कल रात ढाबे के बाहर खड़ी बस पर बजरी से लदा डंपर पलट गया। हादसे में बस सवार 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 10 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि बस में सवार सभी श्रद्धालु सीतापुर के रहने वाले हैं और उत्तराखंड में मां पूर्णागिरि के दर्शन को जा रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में जान गवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन और जिला प्रशासन के स्तर से आर्थिक मदद मृतकां के परिजनों और घायलों को दी जा रही है।

———————

प्रदेश में लू और तेज गर्मी का सिलसिला जारी है। बीते चौबीस घंटों के दौरान आगरा में सर्वाधिक 45 दशमलव दो डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिये पश्चिमी उत्तर प्रदश समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों के लिये लू

का रेड एलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अलोगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर और झांसी समेत आसपास के इलाकों मं लू चलने की आशंका है। विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

उधर, तराई के क्षेत्रों में लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। श्रावस्ती में आज शाम अचानक मौसम बदलने और बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

———————